Saturday, January 29, 2022

Bengal Mirror
Think Positive



ASANSOL

# दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के प्रो-वाइस चेयरपर्सन का निधन

**बंगाल मिरर, आसनसोल :** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के प्रो-वाइस चेयरपर्सन श्री रमेश प्रसाद गोयनका का 28 जनवरी, दिन शुक्रवार को प्रातः निधन हो गया। श्री गोयनका गत 1 वर्ष से कैंसर से जूझ रहे थे तथा टाटा केंसर अस्पताल मुंबई में इलाजरत थे । पिछले कुछ दिनों से उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी । दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल परिवार के लिए यह आपूरणीय क्षति है। विद्यालय परिसर में आयोजित शोकसभा में समस्त कर्मचारियों ने श्री गोयनका के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परमपिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।